आईआईएम में आईपीएम का तीसरा बैच हुआ शुरू

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) के तीसरे बैच की शुरुआत शुक्रवार को हुई। नए बैच के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मेजर जनरल विकास चौधरी, जीसीओ दीपाटोली आर्मी कैंट मौजूद थे। अध्यक्षता आईआईएम के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने की।

प्रो श्रीवास्तव ने छात्रों को गहनता से सोचने व एक अनूठी यात्रा में नई भूमिकाएं और रास्ते तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया, जो उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास को आकार देगा। डीन अकादमिक प्रो प्रदीप कुमार बाला और विद्यार्थियों मौजूद रहे।

नैतिक साहस व सम्मान निर्माण को प्रेरित किया

मेजर जनरल विकास चौधरी ने छात्रों को उनके उच्च उद्देश्यों को समझने में सक्षम बनाने में आईआईएम रांची जैसे संस्थानों के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्म निरीक्षण करने और आवश्यक चरित गुणों यानी नैतिक साहस व सम्मान का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया।

Hindustan 19.08.2023 Pg. 08